## Part-I (General Knowledge)
### (Common to all candidates - सभी अभ्यर्थियों के अनिवार्य)

1. हिमाचल प्रदेश का निम्नलिखित कौन – सा दर्रा सही सुमेलित नहीं है?

| | दर्रा | स्थिति (Location) |
|---|---|---|
| (A) | खौड़ी | चम्बा – कांगड़ा |
| (B) | दराटी | चम्बा – लाहौल |
| (C) | कुगटी | लाहौल – भरमौर |
| (D) | भेरियांग | कुल्लू – कांगड़ा |

2. हिमाचल प्रदेश के निम्नलिखित किस जिले में नाको झील स्थित है?

(A) लाहौल – स्पीति
(B) कुल्लू
(C) शिमला
(D) किन्नौर

3. हिमाचल प्रदेश में मिंदल वासिनी देवी की पूजा कहाँ होती है?

(A) रिवालसर
(B) रोहड़ू
(C) पांगी
(D) राजगढ़

4. हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के निम्नलिखित किस खण्ड में चूढ़ चांदनी की धार स्थित है?

(A) गिरिधार खण्ड
(B) गिरि आर खण्ड
(C) क्यार – दा दून खण्ड
(D) मारकंडा खण्ड

5. हिमाचल प्रदेश बजट 2023 – 24 में पूंजी व्यय के लिए कितने प्रतिशत राशि का प्रस्ताव है?

(A) 11.70 प्रतिशत
(B) 5.30 प्रतिशत
(C) 9.74 प्रतिशत
(D) 7.42 प्रतिशत

6. हिमाचल प्रदेश बजट 2022–23 में कितने गांवों में अकृत्रिम कृषि विकसित करने की आशा की गई थी?

(A) 85
(B) 100
(C) 140
(D) 115

Himexam.com



Join Himexam Telegram Group

7. हिमाचल प्रदेश की निम्नलिखित में वित्तीय वर्ष 2019–20 तथा 2020–21 की अग्रिम (Advance) विकास दरों में कौन–सी सही है?

| | वित्तीय वर्ष 2019–20 | वित्तीय वर्ष 2020–21 |
|---|---|---|
| (A) | + 4.9 प्रतिशत | – 6.2 प्रतिशत |
| (B) | + 3.7 प्रतिशत | – 4.8 प्रतिशत |
| (C) | + 6.5 प्रतिशत | – 5.7 प्रतिशत |
| (D) | + 5.8 प्रतिशत | + 2.5 प्रतिशत |

8. हिमाचल प्रदेश में 31–03–2021 तक निम्नलिखित किस जिले में सबसे अधिक तहसीलें थी ?

(A) चम्बा (B) सोलन (C) शिमला (D) मण्डी

9. हिमाचल प्रदेश में 2014 के संसदीय चुनाव में निम्न में किस संसदीय क्षेत्र में सबसे कम प्रतिशत वोट डाले गए ?

(A) हमीरपुर (B) कांगड़ा (C) शिमला (D) मण्डी

10. हिमाचल प्रदेश के पुलिस प्रशासन में 2014 तक निम्न क्या सही है ?

(A) 1974 में उत्तरी रेंज (Northern Range) बनाई गई जिसमें 06 जिले शामिल किए गए।

(B) 1986 में केन्द्रीय रेंज (Central Range) बनाई गई जिसमें 04 जिले शामिल किए गए ।

(C) 1995 में भर्ती प्रशिक्षण केन्द्र (Recruit Training Center) को जुँगा से स्थानान्तरित करके कांगड़ा जिले में द्रोणगढ़ (दरोह) भेजा गया।

(D) राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (State Forensic Science Laboratory) की स्थापना 1989 में शिमला में की गई ।

Himexam.com

11. हिमाचल प्रदेश के निम्न कौन से जिलों में काला जीरा पैदा किया जाता है? सही उत्तर का चयन निम्न विकल्पों में से कीजिए:

(A) किन्नौर तथा लाहौल–स्पीति
(B) कुल्लू तथा हमीरपुर
(C) शिमला तथा ऊना
(D) सिरमौर तथा शिमला



Join Himexam Telegram Group

12. हिमाचल प्रदेश में निम्न पर विचार कीजिए:

(i) कांगड़ा, किन्नौर, लाहौल स्पीति तथा मण्डी जिलों में खरगोश फार्म खोले गए हैं ।

(ii) वर्ष 2004 में हिमाचल के तीन जिलों में सघन डेयरी विकास परियोजना को स्वीकृति मिल गई ।

(iii) पौंग जलाशय वर्ष 1974 में अस्तित्व में आया तथा यहाँ देश की महाशीर मछली का उत्पादन बहुत बड़ा होता है।

**अपने सही उत्तर का चयन निम्न कूट से कीजिए:**

(A) केवल (i)
(B) (ii) और (iii)
(C) (ii) और (i)
(D) केवल (iii)

13. हिमाचल प्रदेश में मेलों एवं त्यौहारों के बारे में निम्न कौन–सा विकल्प सही है?

(A) नाहौले का त्यौहार ज्येष्ठ मास की संक्रान्ति को मनाया जाता है ।
(B) चेरंवाल का त्यौहार जुलाई–अगस्त के महीनों में 40 दिनों तक मनाया जाता है ।
(C) हरितालिका का त्यौहार ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है ।
(D) सैर का त्यौहार 15 आसूज को मनाया जाता है ।

14. आजाद हिन्द फौज की भारत को स्वतन्त्र कराने की महान् लड़ाई में वर्तमान हिमाचल प्रदेश के भूमिका निभाने वालों में कौन अपने क्षेत्र के साथ सही सुमेलित नहीं है?

(A) धर्मशाला — मेजर दुर्गामल
(B) बिलासपुर — कैप्टन सन्त सिंह आज़ाद
(C) नूरपुर — कैप्टन अर्जुन सिंह राणा
(D) थानेधार (शिमला) — जय राम सिंह

15. 2011 के Census में हिमाचल प्रदेश के निम्न किस जिले में जनसंख्या घनत्व सबसे कम था?

(A) सिरमौर
(B) कांगड़ा 263
(C) मंडी
(D) शिमला



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

16. हिमाचल प्रदेश में निम्न क्या सही है?

(A) ताबो का प्रसिद्ध बौद्ध मठ स्पीति नदी के बायें किनारे पर है ।

(B) तलेरु खेल परिसर वर्ष 2011 में लोगों के लिए चम्बा जिले में खोला गया ।

(C) Looking Back नामक आत्मकथा निकोलस रोरिक ने लिखी ।

(D) सुनील दत्त गौतम हिमाचली लोक–गीत गायक तथा पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित हुए हैं ।

17. हिमाचल प्रदेश में निम्न पर विचार कीजिए:

(i) वर्ष 2007 तथा 2012 के विधानसभा चुनावों में स्त्रियां पुरुषों से अधिक संख्या में वोटर थीं ।

(ii) वर्ष 2012 के विधानसभा चुनावों में 34 स्त्रियां उम्मीदवार थीं, लेकिन उनमें से केवल चार ने ही चुनाव जीता ।

(ii) मण्डी जिले की लीला देवी महाजन हिमाचल प्रदेश की प्रथम राज्य–सभा सदस्य बनी।

(iv) हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग (Himachal Pradesh State Women Commission) की प्रथम अध्यक्षा कृष्णा टंडन थीं ।

**सही उत्तर का चयन निम्न कूट से कीजिए:**

(A) (i) और (iii)
(B) (ii) और (iv)
(C) (iii) और (ii)
(D) (iv) और (i)

18. हिमाचल प्रदेश के बारे में निम्न क्या तथ्य सही नहीं है?

(A) जनगणना – 2011 तक कोई नई अनुसूचित जनजाति नहीं ज़ोड़ी गई ।

(B) जनगणना – 2011 के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या में कामगारों का आंकड़ा 50 प्रतिशत से अधिक है ।

(C) उपरोक्त जनगणना के अनुसार राज्य में 35 उप–तहसीलें थीं ।

(D) राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों के अनुरूप जाटों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया ।



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

24. भारत के गुजरात राज्य में कितने राष्ट्रीय उद्यान (National Park) तथा वन्यजीव अभयारण्य (Wild Life Sanctuaries) वर्ष 2020 में थीं ?

| | National Parks (राष्ट्रीय उद्यान) | Wildlife Sanctuaries (वन्यजीव अभयारण्य) |
|---|---|---|
| (A) | 04 | 23 |
| (B) | 06 | 25 |
| (C) | 07 | 30 |
| (D) | 05 | 28 |

25. भारत के तेलंगाना राज्य में वर्ष 2020 तक वन–आवरण कितने प्रतिशत था?

(A) 28. 05 प्रतिशत
(B) 20.06 प्रतिशत
(C) 24.07 प्रतिशत
(D) 21.02 प्रतिशत

26. निम्न अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के मुख्यालयों में से कौन–सा सही सुमेलित है?

(A) World Bank - New York, USA
(B) Arctic Council – Tromso, Norway
(C) International Atomic Energy Agency – Berlin, Germany
(D) Organization of Petroleum Exporting Countries – Riyadh, Saudi Arabia

27. वर्ष 2022 का अर्थशास्त्र में नोबल पुरस्कार निम्न किन्हें मिला?

(A) Philip Dybvig, Ben Bernanke and Douglas Diamond
(B) Ben Bernanke, Svante Paabo and Douglas Diamond
(C) Douglas Diamond, K. Barry Sharpless and John Clauser
(D) Carolyn Bertozzi, Morten Melddal and Philip Dybvig

Himexam.com

28. विश्व ओजोन दिवस (World Ozone Day) की निम्न कौन सी तिथि सही है?

(A) 10 अगस्त (B) 16 सितम्बर (C) 25 सितम्बर (D) 24 अगस्त

29. किस निम्न महिला खिलाड़ी ने वर्ष 2022 तक 22 Grand Slam Singles Titles जीते हैं?

(A) Steffi Graf
(B) Serena Williams
(C) Chris Evert
(D) Helen Wills Moody

30. निम्न किस प्रसिद्ध दार्शनिक ने कहा है कि One is not born, but rather becomes, a woman?

(A) Bell Hooks
(B) Jane Campion
(C) Judith Butler
(D) Simone de Beauvior



Himexam.com

Join Himexam Telegram Group

31. 'जबकि प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है: तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्ति के परिवर्तन के साथ-साथ साहित्य के स्वरुप में भी परिवर्तन होता चला जाता है.' – कथन किस हिंदी आलोचक का है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) नगेन्द्र
(D) नन्द दुलारे वाजपेयी

32. निम्नलिखित में से 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक थे –

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(C) प्रताप नारायण मिश्र
(D) प्रेमचंद

33. 'गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग' काव्य-पंक्ति के रचनाकार हैं –

(A) कबीर (B) सूरदास (C) तुलसीदास (D) जायसी

34. अद्वैतवाद के प्रवर्तक आचार्य हैं –

(A) मध्वाचार्य (B) वल्लभाचार्य (C) रामानुजाचार्य (D) शंकराचार्य

35. 'पुष्टिमार्ग' के संस्थापक आचार्य हैं –

(A) रामानंद (B) मध्वाचार्य (C) शंकराचार्य (D) वल्लभाचार्य

36. निम्न में से अष्टछाप के कवियों में शामिल नहीं है –

(A) नरोत्तमदास (B) कुंभनदास (C) कृष्णदास (D) चतुर्भुजदास

37. निम्नलिखित में से 'रासपंचाध्यायी' के रचयिता हैं –

(A) कुंभनदास (B) नन्ददास (C) केशवदास (D) हितहरिवंश

38. 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता हैं –

(A) वामन (B) अभिनवगुप्त (C) भरतमुनि (D) रुद्रट



Himexam.com

Join Himexam Telegram Group

39. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका सम्बन्ध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ प्रकाशित होता है, उसे कहते हैं –

(A) क्रिया (B) क्रिया विशेषण (C) कारक (D) विशेषण

40. स्पर्श व्यंजनों के कितने वर्ग होते हैं?

(A) 5 (B) 2 (C) 4 (D) 7

41. 'वक्रोक्तिजीवित' के रचनाकार हैं –

(A) भट्टनायक (B) भट्टतोत (C) कुंतक (D) अभिनवगुप्त

42. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना विद्यापति की नहीं है?–

(A) शैवसर्वस्वसार (B) माधवनल कामकंदला
(C) पुरुष परीक्षा (D) कीर्ति पताका

43. 'अपभ्रंश' को 'पुरानी हिंदी' कहने वाले विद्वान हैं –

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी (D) राहुल संकृत्यायन

44. 'प्रबंध चिंतामणि' नामक ग्रन्थ के रचयिता हैं –

(A) हेमचन्द्र (B) जैनाचार्य मेरुतुंग (C) देवसेन (D) विद्याधर

45. हिंदी साहित्य के आरंभिक काल को 'सिद्ध सामंत काल' कहने वाले आलोचक हैं-

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) रामकुमार वर्मा
(C) राहुलसांकृत्यायन (D) रामशंकर शुक्ल रसाल

46. निम्नलिखित में से देवसेन की रचना है –

(A) 'श्रावकाचार' (B) 'प्राकृत-पिंगल-सूत्र'
(C) 'प्रबंधचिंतामणि' (D) 'कुमारपालप्रतिबोध'

47. 'गुण निर्गुण कहियत नहिं जाके' - काव्य-पंक्ति के रचनाकार हैं-

(A) अमीर खुसरो (B) कबीर (C) दादू दयाल (D) रैदास



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

48. 'प्राकृतप्रकाश' के रचनाकार हैं –

(A) महेश्वरसूरि (B) सोमप्रभ सूरि (C) योगीन्द्रदेव (D) वररुचि

49. 'रामार्चनपद्धति' के रचनाकार हैं –

(A) रामानुजाचार्य (B) रामानंद (C) मध्वाचार्य (D) वल्लभाचार्य

50. 'राजयोग' के रचयिता हैं –

(A) रज्जब (B) जगन्नाथ (C) अक्षर अनन्य (D) सुन्दरदास

51. 'मधुमालती' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?

(A) कुतबन (B) मंझन (C) जायसी (D) नूरमुहम्मद

52. 'मृगावती' में उल्लिखित राजा रूपकुमारि का सम्बन्ध किस जगह से था ?

(A) कंचननगर (B) कनेसर (C) चित्तौर (D) कालिंजर

53. 'इन्द्रावती' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?

(A) कासिमशाह (B) नूरमुहम्मद (C) शेख नवी (D) उसमान

54. 'भल्ला हुआ जु मारिया बहिणी महारा कंतु' किसकी काव्य-पंक्ति हैं ?

(A) हेमचन्द्र (B) दामोदर भट्ट (C) गोविन्दचन्द्र (D) विद्यापति

55. 'पृथ्वीराजरासो' को हिंदी का प्रथम महाकाव्य कहने वाले आलोचक निम्नलिखित में से कौन हैं ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) रामचंद्र शुक्ल

(C) राहुल साकृत्यायन (D) नन्द दुलारे वाजपेयी

56. रामचंद्र शुक्ल ने 'हिंदी साहित्य का इतिहास' में बौद्ध धर्म के सन्दर्भ में निर्वाण के कितने अवयवों का उल्लेख किया है ?

(A) चार (B) पांच (C) तीन (D) दो



Himexam.com

Join Himexam Telegram Group

57. रामचंद्र शुक्ल ने नाथों की संख्या कितनी बताई है ?

(A) सात (B) नौ (C) दस (D) आठ

58. जन्म-काल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है –

(A) मीरा, केशव, भूषण, घनानंद (B) मीरा, केशव, घनानंद, भूषण

(C) केशव, मीरा, भूषण, घनानंद (D) भूषण, मीरा, केशव, घनानंद

59. 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' पुस्तक के लेखक हैं-

(A) गणपतिचन्द्र गुप्त (B) रामचंद्र शुक्ल

(C) रामकुमार वर्मा (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

60. 'संतन को कहा सीकरी सों काम' - काव्य पंक्ति के रचनाकार हैं.

(A) कबीरदास (B) रविदास (C) नामदेव (D) कुंभनदास

61. 'रत्नखान' के रचयिता हैं :

(A) नंददास (B) मलूकदास (C) कासिमशाह (D) अक्षर अनन्य

62. 'हिंदी साहित्य का आदिकाल' के लेखक निम्न में से कौन हैं?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) जॉर्ज ग्रियर्सन

(C) रामचंद्र शुक्ल (D) परसुराम चतुर्वेदी

63. निम्नलिखित में से 'हनुमन्नाटक' के रचयिता कौन हैं ?

(A) तुलसीदास (B) केशवदास (C) ह्रदयराम (D) अग्रदास

64. निम्नलिखित में से 'अष्टयाम' के रचनाकार हैं ?

(A) नाभादास (B) हितहरिवंश (C) सूरदास (D) छीतस्वामी

65. निम्नलिखित में से 'प्रेमवाटिका' के रचनाकार हैं –

(A) केशवदास (B) रसखान (C) गंग कवि (D) तुलसीदास



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

66. 'भक्तनामावली' की रचना किसने की है?

(A) ध्रुवदास (B) नन्ददास (C) नाभादास (D) क्षीतस्वामी

67. 'वैराग्यसंदीपनी' के रचयिता निम्नलिखित में कौन हैं:

(A) केशवदास (B) तुलसीदास (C) स्वामी अग्रदास (D) नाभादास

68. 'पूर्वमीमांसाभाष्य' के रचनाकार हैं –

(A) रामानुजाचार्य (B) मध्वाचार्य (C) वल्लभाचार्य (D) रामानंद

69. 'काव्यकल्पद्रुम' किसकी रचना है:

(A) भूषण (B) मतिराम (C) सेनापति (D) पद्माकर

70. "बिहारी की कृति का मूल्य जो बहुत आँका गया है उसे अधिकतर रचना की बारीकी या काव्यांगों के सूक्ष्म विन्यास की निपुणता की ओर ही मुख्यतः दृष्टि रखने वाले पारखियों के पक्ष से समझना चाहिए – उनके पक्षों से समझना चाहिए जो किसी हाथी-दांत के टुकड़े पर महीन बेलबूटे देख घंटों वाह-वाह किया करते हैं" उपर्युक्त कथन किस आलोचक का है ?

(A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (B) रामचंद्र शुक्ल
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी (D) बच्चन सिंह

71. 'सुखसागर तरंग' के रचयिता हैं –

(A) पद्माकर (B) आलम (C) नेवाज (D) देव

72. निम्नलिखित में से कौन-सी उपभाषा या बोली पूर्वी हिंदी में नहीं है ?

(A) छत्तीसगढ़ी (B) अवधी (C) बघेली (D) कन्नौजी

73. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है:

(A) कबीर, जायसी, रहीम, तुलसी (B) कबीर, जायसी, तुलसी, रहीम
(C) जायसी, कबीर, तुलसी, रहीम (D) कबीर, तुलसी, जायसी, रहीम



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

74. प्रकाशन-वर्ष के अनुसार महावीरप्रसाद द्विवेदी की निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है –

(A) हिंदी भाषा की उत्पत्ति, साहित्य सन्दर्भ, कालिदास की निरंकुशता, कालिदास और उनकी कविता

(B) कालिदास की निरंकुशता, हिंदी भाषा की उत्पत्ति, कालिदास और उनकी कविता, साहित्य सन्दर्भ

(C) हिंदी भाषा की उत्पत्ति, कालिदास की निरंकुशता, साहित्य सन्दर्भ, कालिदास और उनकी कविता

(D) हिंदी भाषा की उत्पत्ति, कालिदास की निरंकुशता, कालिदास और उनकी कविता, साहित्य सन्दर्भ

75. 'अर्थात' पुस्तक के लेखक हैं –

(A) अज्ञेय (B) मलयज

(C) विजयदेवनारायण साही (D) रघुवीर सहाय

76. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना अज्ञेय की नहीं है?

(A) नदी की बांक पर छाया (B) महावृक्ष के नीचे

(C) एकलव्य (D) बावरा अहेरी

77. आचार्य शुक्ल के अनुसार नंददास के ग्रंथों की संख्या है:

(A) 5 (B) 6 (C) 4 (D) 3

78. 'संयोगिता स्वयंबर' के रचनाकार हैं:

(A) लाला श्रीनिवास दास (B) ठाकुर जगमोहन सिंह

Himexam.com

(C) देवकीनंदन खत्री (D) इंशा अल्ला खां

79. 'भारतदुर्दशा' नाटक के लेखक हैं:

(A) बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन' (B) प्रताप नारायण मिश्र

(C) लाला श्रीनिवासदास (D) बालकृष्ण भट्ट



Join Himexam Telegram Group

(A) नंददुलारे वाजपेयी (B) रामचंद्र शुक्ल

(C) रामविलास शर्मा (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

87. 'सावन का हरित प्रभात रहा, अम्बर पर थी घनघोर घटा.
फहराकर पंख थिरकते थे, मनभाती थी बन मोर छटा..'

- उपर्युक्तकाव्य पंक्तियों के रचनाकार हैं:

(A) श्यामनारायण पाण्डेय (B) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(C) ठाकुर जगमोहन सिंह (D) मैथिली शरण गुप्त

88. 'ज़िन्दगी में जो कुछ है, जो भी है
सहर्ष स्वीकार है;
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है.' किस कवि की काव्य-पंक्तियाँ हैं ?

(A) गजानन माधव मुक्तिबोध (B) कुंवर नारायण

(C) रघुवीर सहाय (D) नागार्जुन

89. 'दिल्ली मेरा परदेश' के लेखक हैं:

(A) अज्ञेय (B) राहुलसांकृत्यायन

(C) नागार्जुन (D) रघुवीर सहाय

90. 'गोविंदी' प्रेमचंद के किस उपन्यास का चरित्र है ?

(A) गोदान (B) कर्मभूमि (C) रंगभूमि (D) प्रेमाश्रम

91. 'कविता के नए प्रतिमान' के लेखक हैं:

(A) नन्द दुलारे वाजपेयी (B) मुक्तिबोध

(C) रामविलास शर्मा (D) नामवर सिंह

92. 'बुद्धू का कांटा' कहानी के लेखक हैं:

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(C) जयशंकर प्रसाद (D) जैनेन्द्र कुमार



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

80. 'कालिदास की सभा' नाटक के लेखक हैं:

(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) लाला श्रीनिवासदास
(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(D) बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन'

Himexam.com

81. 'आदर्श दम्पति' उपन्यास के लेखक हैं:

(A) देवकीनंदन खत्री
(B) किशोरीलाल गोस्वामी
(C) मेहता लज्जाराम शर्मा
(D) अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध'

82. 'पथिक' के रचनाकार हैं:

(A) राजा लक्ष्मण सिंह
(B) रामनरेश त्रिपाठी
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(D) श्रीधर पाठक

83. हिंदी पत्र 'उदन्त मार्तंड' का प्रकाशन सर्व प्रथम कहाँ से हुआ ?

(A) आगरा
(B) दिल्ली
(C) कानपुर
(D) कलकत्ता

84. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है:

(A) शिवशम्भु के चिट्ठे, जयद्रथ वध, प्रिय प्रवास, आंसू
(B) शिवशम्भु के चिट्ठे, आंसू, जयद्रथ वध, प्रिय प्रवास
(C) जयद्रथ वध, शिवशम्भु के चिट्ठे, आंसू, प्रिय प्रवास
(D) प्रिय प्रवास, आंसू, शिवशम्भु के चिट्ठे, जयद्रथ वध

Himexam.com

85. 'छायावादः पुनर्मूल्यांकन' के रचनाकार हैं –

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(B) महादेवी वर्मा
(C) सुमित्रानंदन पन्त
(D) जयशंकर प्रसाद

86. "रीतिकाल में एक बड़े अभाव की पूर्ति हो जानी चाहिए थी, पर न हुई. भाषा जिस समय सैकड़ों कवियों द्वारा परिमार्जित होकर प्रौढ़ता को पहुंची उसी समय व्याकरण द्वारा उसकी व्यवस्था होनी चाहिए थी कि जिससे उस च्युतसंस्कृति दोष का निराकरण होता जिससे भाषा में कुछ सफाई आती". कथन किस आलोचक के हैं ?



Join Himexam Telegram Group

93. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास फणीश्वरनाथ रेणु का नहीं है:

(A) मंगलसूत्र (B) सेवासदन (C) प्रतिज्ञा (D) जुलूस

94. हिंदी साहित्य की समस्याएं' पुस्तक के रचनाकार हैं:

(A) नगेन्द्र (B) अज्ञेय

(C) शिवदान सिंह चौहान (D) रांगेय राघव

95. 'प्रशांत' रेणु के किस उपन्यास का पात्र है ?

(A) परती परिकथा (B) मैला अंचल (C) जुलूस (D) दीर्घलाप

96. 'यथा प्रस्तावित' किसकी रचना है ?

(A) गिरिराज किशोर (B) निर्मल वर्मा

(C) प्रभाकर माचवे (D) लक्ष्मीकांत वर्मा

97. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना रामधारी सिंह दिनकर की नहीं है ?

(A) रेणुका (B) उर्वशी (C) आत्मा की आँखें (D) चित्ररेखा

98. 'मलबे का मालिक' कहानी के रचनाकार हैं –

(A) कमलेश्वर (B) मोहन राकेश

(C) धर्मवीर भारती (D) अमरकांत

99. 'मादाकैक्टस' किसकी रचना है ?

(A) भुवनेश्वर (B) लक्ष्मीनारायण लाल

(C) मोहन राकेश (D) धर्मवीर भारती

100. 'अंगद की नियति' निम्नलिखित में से किसका निबंध संकलन है ?

(A) कुबेरनाथ राय (B) विवेकी राय

(C) प्रभाकर माचवे (D) विद्यानिवास मिश्र



Join Himexam Telegram Group

## PART- II – B ( Sanskrit )

31. ऋग्वेद के प्रथम मन्त्र में स्तुत देवता है –

(A) विष्णु (B) इन्द्र (C) अग्नि (D) वरुण

32. माध्यन्दिन वाजसनेयि संहिता (शुक्लयजुर्वेद) के चालीसवें अध्याय (ईशावास्योपनिषद्) में मन्त्रों की संख्या है –

(A) 18 (B) 16 (C) 21 (D) 17

33. 'अनर्थका हि मन्त्राः' सिद्धान्त के प्रतिपादक आचार्य थे –

(A) यास्क (B) कौत्स (C) गार्ग्य (D) वाजप्यायन

34. केवल वेद में प्रयुक्त होता है –

(A) लोट्लकार (B) लङ्लकार (C) लेट्लकार (D) लुट्लकार

35. 'सभी नाम शब्द धातुज नहीं हैं, इस सिद्धान्त के प्रतिपादक आचार्य थे –

(A) गार्ग्य (B) कौत्स (C) शाकटायन (D) वार्ष्यायणि

36. 'यायावरीयः' इस उपनाम से विख्यात आचार्य हैं –

(A) राजशेखर सूरी (B) राजशेखर (C) बालशेखर (D) सोमशेखर

37. 'अष्टादश भाषावारविलासिनीभुजङ्ग'' के रूप में अपने को उद्घोषित करने वाले आचार्य हैं–

(A) विश्वनाथ (B) जगन्नाथ (C) श्रीहर्ष (D) क्षेमेन्द्र

38. 'मालतीमाधवम्' रूपक की इस विधा में मान्य है –

(A) प्रहसन (B) नाटक (C) प्रकरण (D) त्रोटक

39. कथा की सरसता का प्रतिपादन करते हुए उसकी तुलना 'अभिनव–वधू' से करने वाला कवि है –

(A) दण्डी (B) सुबन्धु (C) बाणभट्ट (D) उद्योतन सूरि

40. संस्कृत के इस रूपक में अपभ्रंश का सर्वप्रथम प्रयोग हुआ है –

(A) मृच्छकटिकम् (B) कर्पूरमंजरी (C) रत्नावली (D) विक्रमोर्वशीयम्



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

41. माहेश्वर सूत्रों में दोबार पठित व्यंजन है –

(A) ट्  (B) क्  (C) ह्  (D) छ्

42. 'वाचः काठिन्यमायान्ति भङ्गश्लेषे विशेषतः' यह कथन अपनी रचना के सम्बन्ध में इस कवि का है –

(A) बाणभट्ट  (B) त्रिविक्रमभट्ट  (C) कौण्डभट्ट  (D) सुबन्धु

43. 'सखीन्' का प्रातिपदिक शब्द है –

(A) सखा  (B) सखि  (C) सखिन्  (D) सखी

44. 'धर्मपत्नी' पद का उचित समास–विग्रह है –

(A) धर्मस्य पत्नी  (B) धर्मेण पत्नी  (C) धर्मात् पत्नी  (D) धर्माय पत्नी

45. बृहत्कथा का कौन–सा संस्कृत संस्करण नेपाली–वाचना के रूप में जाना जाता है –

(A) बृहत्कथामंजरी  (B) कथासरित्सागर
(C) बृहत्कथाश्लोक संग्रह  (D) बृहत्कथाकोश

46. अन्नंभट्ट की रचना का नाम है –

(A) तर्ककौमुदी  (B) तर्कसंग्रह  (C) तर्कामृतम्  (D) तर्कालङ्कारः

47. "धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च। करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्य निषेवणम् ।" यह काव्यप्रयोजनपरक कथन इनका है –

(A) भामह  (B) विष्णुपुराण  (C) विश्वनाथ  (D) दण्डी

48. दण्डी की रचना है –

(A) उद्यसुन्दरी  (B) कर्णसुन्दरी  (C) अवन्तिसुन्दरी  (D) त्रिपुरसुन्दरी

49. 'सार्ववर्णिकवेद' के रूप में विश्रुत ग्रन्थ का नाम है –

(A) महाभारत  (B) नाट्यशास्त्र  (C) अथर्ववेद  (D) समराङ्गसूत्रधार

50. भगवान् बुद्ध ने प्रथम धर्मचक्र–प्रवर्तन इस स्थान पर किया था –

(A) बोधगया  (B) श्रावस्ती  (C) सारनाथ  (D) पाटलिपुत्र

51. 'कैलासमन्दिर' इस गुफासमूह में स्थित है –

(A) अजन्ता  (B) ऐलोरा  (C) खण्डगिरि  (D) उदयगिरि

Himexam.com



Join Himexam Telegram Group

52. 'सप्तभङ्गी नय' इस दर्शन का प्रमुख सिद्धान्त है –
(A) आर्हत (B) बौद्ध (C) सात्त्वत (D) चार्वाक

53. 'अभाव' नामक अष्टम पदार्थ की कल्पना इस दर्शन में है –
(A) जैन (B) सांख्य (C) वैशेषिक (D) मीमांसा

54. 'नृ' शब्द का चतुर्थी एकवचन में रूप बनेगा –
(A) नराय (B) न्रे (C) नरये (D) नरे

55. 'स्वयम्भू' शब्द का तृतीया एकवचन में रूप होगा –
(A) स्वयम्भुना (B) स्वयम्भुवेन (C) स्वयम्भुवा (D) स्वयम्भवेन

56. 'प्रत्यक्षम्' में समास का नाम है –
(A) बहुव्रीहि (B) अव्ययीभाव (C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष

57. 'क्षणस्थायी' का समास–विग्रह होगा –
(A) क्षणेन स्थायी (B) क्षणात् स्थायी (C) क्षणं स्थायी (D) क्षणाय स्थायी

58. 'दृश्' धातु का लोट्लकार उत्तम पुरुष एकवचन में रूप होगा –
(A) दृश्यानि (B) पश्यानि (C) द्रक्ष्यामि (D) पश्यामि

59. 'कृ' धातु का लुट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप होगा –
(A) कर्ता (B) कुरु (C) कुरुतात् (D) अकरोत्

60. 'नी' धातु से तव्यत् प्रत्यय लगाने पर निष्पन्न होगा –
(A) नीतव्यम् (B) नेतव्यः (C) नीतः (D) नीतवान्

61. 'भृत्यः' में प्रत्यय है –
(A) यत् (B) तव्यत् (C) क्यप् (D) य

62. पद्य के प्रत्येक चरण में 11 अक्षर तथा क्रमशः जगण, तगण, जगण, गुरु, गुरु होने पर छन्द होगा –
(A) शिखरिणी (B) इन्द्रवज्रा (C) उपेन्द्रवज्रा (D) उपजाति

63. 'शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं इत्यादि पद्य में छन्द है –
(A) स्रग्धरा (B) मालिनी (C) मन्दाक्रान्ता (D) भुजङ्गप्रयात



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

64. 'प्राकृतलक्षण' नामक प्राकृत व्याकरण के लेखक का नाम है –

(A) हेमचन्द्र (B) वररूचि (C) चण्ड (D) त्रिविक्रम

65. 'नाट्यशास्त्र' पर 'नाट्यवेदविवृत्ति' के लेखक आचार्य है –

(A) कोहल (B) नन्दिकेश्वर (C) अभिनवगुप्त (D) शारदातनय

66. हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' सूक्ति इस ग्रन्थ से है –

(A) नीतिशतकम् (B) किरातार्जुनीयम्

(C) रघुवंशम (D) शिशुपालवधम्

67. चार प्रकार के 'ब्रह्मबिहारों' का उपदेश इस धर्म–दर्शन का सिद्धान्त है –

(A) जैन (B) मीमांसा (C) वैष्णव (D) बौद्ध

68. माहेश्वर सूत्रों में दो बार आने वाला इत्संज्ञक वर्ण है –

(A) ह (B) ण् (C) य् (D) ट्

69. 'भजगोविन्दं भज गोविन्दं, गोविन्दं भज मूढमते' स्तोत्र के रचनाकार हैं –

(A) जयदेव (B) कृष्णदेव (C) वामनाचार्य (D) शङ्कराचार्य

70. श्रीमद् भगवद्गीता के इस अध्याय का नाम 'कर्मयोग' है –

(A) द्वितीय (B) अष्टम (C) तृतीय (D) दशम

71. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में 'दुर्वासा के शाप की घटना' इस अंक में घटित होती है –

(A) तृतीय (B) चतुर्थ (C) द्वितीय (D) पञ्चम

72. 'सत्यं वद, धर्मं चर' इत्यादि उपदेश–वाक्य इस उपनिषद् में प्राप्त है –

(A) माण्डूक्य (B) कठ (C) केन (D) तैत्तिरीय

73. काव्य में 'दश गुणों' की मान्यता के प्रतिपादक आचार्य थे –

(A) भामह (B) आनन्दवर्धन (C) दण्डी (D) राजशेखर

74. 'सुवृत्ततिलकम्' के रचनाकार है –

(A) गङ्गादास (B) पिङ्गलाचार्य (C) क्षेमेन्द्र (D) हेमचन्द्र



Himexam.com

Join Himexam Telegram Group

75. 'क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति, तदेव रूपं रमणीयतायाः' इस सौन्दर्यस्वरूप के लक्षणकार हैं –

(A) श्रीहर्ष (B) भारवि (C) जगन्नाथ (D) माघ

76. ध्वनि–प्रस्थापक आचार्य के रूप में प्रतिष्ठित हैं –

(A) अभिनवगुप्त (B) मम्मट (C) आनन्दवर्धन (D) महिमभट्ट

77. 'पुरुष –विशेष' को ईश्वर मानने वाला दर्शन है –

(A) मीमांसा (B) योग (C) न्याय (D) वेदान्त

78. प्राणियों के आकार के अनुसार उनमें स्थित 'आत्मा; को छोटा–बड़ा मानने वाला दर्शन है–

(A) जैन (B) बौद्ध (C) मीमांसा (D) चार्वाक

79. 'लघुत्रयी' के अन्तर्गत परिगणित काव्य है –

(A) गीतगोविन्द (B) पवनदूत (C) नेमिदूत (D) मेघदूत

80. 'श्रीराम का आकाश मार्ग से अयोध्या लौटने' का सजीव वर्णन रघुवंश के इस सर्ग में हुआ है –

(A) द्वादश (B) अष्टम (C) त्रयोदश (D) चतुर्दश

81. रघुवंश में वर्णित अन्तिम राजा का नाम था –

(A) बृहद्रथ (B) अग्निवर्ण (C) अग्निमित्र (D) अतिथि

82. यम और नचिकेता का संवाद इस उपनिषद् में प्राप्त है –

(A) कठ (B) मुण्डक (C) माण्डूक्य (D) केन

83. तर्कसंग्रह में गुणों की संख्या निर्दिष्ट है –

(A) 17 (B) 24 (C) 7 (D) 3

84. 'पुनः पुनः प्रशंसा' को मीमांसादर्शन में कहा गया है –

(A) विधि (B) निषेध (C) अर्थवाद (D) पुनरुक्ति

85. 'वस्' धातु में आङ् उपसर्ग लगने पर क्रिया के आधार में कारक होता है –

(A) अधिकरण (B) करण (C) उपादान (D) कर्म



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

86. 'समराङ्गणसूत्रधार' ग्रन्थ इस विद्या से सम्बन्धित है –

(A) ज्योतिष (B) वास्तु (C) नाट्य (D) समर (युद्ध)

87. ऋग्वेद में 'भिषजां भिषक्' इस देवता को कहा गया है –

(A) रूद्र (B) वरुण (C) अश्विनौ (D) इन्द्र

88. 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' वाक्य इस उपनिषद् में प्राप्त है –

(A) कठ (B) छान्दोग्य (C) तैत्तिरीय (D) माण्डूक्य

89. वेदान्त के अनुसार 'अज्ञान' का स्वरूप है –

(A) ज्ञान का अभाव (B) किञ्चिद ज्ञान

(C) ज्ञानविरोधी (D) अविद्या (माया)

90. वेदान्त के अनुसार लिङ्ग शरीर के अवयवों की संख्या है –

(A) 11 (B) 17 (C) 14 (D) 07

91. 'ऐतिह्य' को प्रमाण मानने वाले है –

(A) वेदान्ती (B) मीमांसक (C) पौराणिक (D) जैन

92. छान्दोग्योपनिषद् का सम्बन्ध है इस वेद से –

(A) अथर्ववेद (B) ऋग्वेद (C) यजुर्वेद (D) सामवेद

93. निरुक्तकार की दृष्टि में वैदिक शब्द 'वृत्र' से अभिप्राय है –

(A) असुर (B) मेघ (C) रज्जु (D) नदी

94. संस्कृत में तीन 'मंजरी' ग्रन्थों के रचियता हैं –

(A) विष्णु शर्मा (B) बिल्हण (C) क्षेमेन्द्र (D) सिल्हण

95. 'बृहत्कथा' अपने मूल रूप में इस भाषा में निबद्ध थी –

(A) ढक्कीप्राकृत (B) पैशाचीप्राकृत (C) मागधीप्राकृत (D) शकारीप्राकृत

96. पालिवैयाकरणों ने 'पालिभाषा' के लिए अपने ग्रन्थों में इस शब्द का प्रयोग किया है –

(A) मागधी (B) अर्धमागधी (C) प्राकृत (D) गाहा



Himexam.com
Join Himexam Telegram Group

97. 'वृद्धास्ते न विचारणीयचरिताः' कथन उत्तररामचरित में इनका इनके प्रति है –

(A) लव का सुमन्त्र के प्रति
(B) लव का चन्द्रकेतु के प्रति
(C) वटुओं का कौसल्या के प्रति
(D) लव का राम के प्रति

98. 'सुश्रुतसंहिता' इस विधा का ग्रन्थ है –

(A) बालचिकित्सा (B) अगदचिकित्सा (C) शल्यचिकित्सा (D) ज्वरचिकित्सा

99. काव्य, व्याकरण आदि शास्त्रों का विवेचन इस पुराण में प्राप्त है –

(A) मत्स्यपुराण (B) मार्कण्डेयपुराण (C) भागवतपुराण (D) अग्निपुराण

100. आधुनिक संस्कृत कवियों में 'सनातन कवि' उपनाम से प्रसिद्ध कवि हैं –

(A) अभिराज राजेन्द्र मिश्र
(B) रेवाप्रसाद द्विवेदी
(C) शिवजी उपाध्याय
(D) राधावल्लभ त्रिपाठी

Himexam.com



Join Himexam Telegram Group